ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की विसर्जन शोभायात्रा शुरू

सुलतानपुर, उतर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की ऐतिहाशिक दुर्गा पूजा में नगर क्षेत्र की करीब 200 दुर्गा प्रतिमाओ की भव्य शोभायात्रा का आज शाम जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मां दुर्गा के विभिन्न रूपों के मनोहारी दर्शन की शोभायात्रा लगभग 36 घंटे तक नगर में बैंड बाजे के साथ भ्रमण करती है जगह-जगह नगरवासी आरती करते हैं सुलतानपुर नगर के ठठेरी बाजार से निकली शोभा यात्रा का नगर के 3 किलोमीटर के लम्बे रास्ते में नगरवासी जगह-जगह पर पूजा-अर्चना कर स्वागत कर रहे है। अत्याधुनिक बिजली संयन्त्रों के भव्य प्रकाश के बीच माँ दुर्गे की मनोहारी रूप शांति व समृधि का सन्देश दे रही है। शोभायात्रा के दौरान इलाहबाद, मथुरा व दिल्ली से स्वचालित झाँकियो व रंगकर्मियो की प्रस्तुति को देखने के लिए जनमानस उमड़ पड़ा है। झांकियों पर कलाकारों के द्वारा रावण बध, शिव तांडव व काली तांडव की प्रस्तुति ने दर्शको को मनमुग्ध कर दिया। पूजा समितियो के कार्यकर्ता बैंड व डी.जे से देवी गीत की धुनों पर मस्त नृत्य कर रहे रहे हैं। करीब 36 घंटे तक चलने वाली शोभा यात्रा के प्रत्येक प्रतिमा को कतारबद्ध होने के लिए केंद्रीय पूजा समिति के चौक क्षेत्र में नंबर देकर दुर्गा प्रतिमाओं की झलकियों को क्रमबद्ध करने में लगा रहा। माँ भवानी की शोभा यात्रा धूमधाम से विसर्जन स्थल सीता कुण्ड की ओर बढने लगी है। विसर्जन स्थल पर माँ को अंतिम विदाई देने पहुंचे श्रद्धालुओ में उल्लास के साथ आँखे विदाई का गम भी है।

मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दृष्टिगत डी एम ने सीताकुण्ड घाट विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के साथ जनपद में मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दृष्टिगत की गई तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं हेतु सीताकुंड घाट स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थलों एवं मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए

नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

भाले सुल्तान शहीद स्मारक-अमेठी। शारदीय नवरात्र के दौरान अष्टमी के दिन स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हवन-पूजन के बाद सोमवार की सुबह करीब 10 से शुरू हो गया। मां दुर्गा को विदाई देते समय श्रद्धालुओं की आंखें नम नजर आई। ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते भक्त मां के जयकारे लगाते हुए विसर्जन स्थल थौरी आमघाट पहुंचे। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के थौरी आमघाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार जारी रहा। इस दौरान क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। जामों, जायस, मोहनगंज, कमरौली,जगदीशपुर और हलियापुर क्षेत्र से आने वाली कुल 407 दुर्गा प्रतिमाओं का थौरी आमघाट पर विसर्जन किया जाना है। प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत करीब 40 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त राजस्व, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए विसर्जन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था,बैरिकेडिंग,नाव, गोताखोर और पेयजल की व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना नितेश राज और थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक अजयेंद्र पटेल मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ कादूनाला चौकी प्रभारी अंजीत यादव,उपनिरीक्षक विनय कुमार,संतलाल भार्गव,सुरेश चंद्र यादव सहित पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की आवाजाही और विसर्जन प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखने में जुटे रहे।वहीं, विसर्जन स्थल के निकट जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता नरेश चंद्र उपाध्याय उर्फ दीपू की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मां दुर्गा के जयकारों के बीच भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी और अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की। थौरी आमघाट पर प्रतिमाओं के पहुंचने और विसर्जन का सिलसिला लगातार जारी रहा।

एक नजर

मां उर्मिला सेवा संस्थान ने चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

सुल्तानपुर। दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर मां उर्मिला सेवा संस्थान की ओर से डॉक्टर संजय मिश्रा के आवास के समीप खोया-पाया एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दशहरा से लेकर पूर्णिमा तक किया गया। शिविर में सैकड़ो दर्शनार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया समाजसेविका भावना राय के संयोजन में आयोजित इस शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने के साथ ही खोया-पाया से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान की गईं। शिविर का शुभारंभ जनपद के सुप्रसिद्ध ऑर्थो सर्जन डॉ. पीके पांडेय ने किया। महोत्सव के दौरान शिविर ने सेवा और सामाजिक सहयोग की भावना को साकार किया। पूर्णिमा के अवसर पर संस्थान की ओर से शिविर में सहयोग करने वाले चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. पीके पाण्डेय, डॉ. राजीव रतन मिश्रा, डॉ आरती सोनी डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. ए.के. सोनी, डॉ आभा सिंह डॉ पावन रिबेलो डॉ. जूही पटेल एवं विभा चंद्रा को सम्मानित किया गया। संस्थान ने चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में उनके सहयोग को महत्वपूर्ण बताया फास्ट शिविर के अंतिम दिन चने के चोले का प्रसाद वितरण भी संस्था द्वारा किया गया

अपराध निरोधक समिति ने दुर्गा पूजा में डीजे के नियंत्रित उपयोग का आह्वान किया

सुल्तानपुर अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में अयोध्या मंडल सचिव/जिला सचिव एवं जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह ने दुर्गा पूजा के दौरान शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। उन्होंने पंडाल पदाधिकारियों से डीजे के उपयोग को लेकर अपील की डीजे का उपयोग ना करें और वाइब्रेशन मशीन ना लगाए क्योंकि हार्ट के लिए खतरा बना रहता है ताकि आसपास के निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा पूजा-उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने मनाई वाल्मीकि जयंती

सुलतानपुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने रामरती इंटर कालेज द्वारिकागंज के सभागार में वाल्मीकि जयंती मनाई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप व संचालन अंश तिवारी और डॉ करुणेश भट्ट ने किया। स्वागत कोषाध्यक्ष सर्वेश कांत वर्मा सरल व आभार ज्ञापन जिलाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने किया।

मेले के दूसरे दिन मेलार्थियों का उमड़ा जनसैलाब

चांदा कोइरीपुर के ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन भी मेलार्थियों का काफी उत्साह रहा । हजारो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे मेले देखने के लिए उमड़े । मेले में आया बुलन्दशहर से मीठा खजला लोगो को खूब भाया । लोगो ने खूब खरीददारी की । वही कौशाम्बी की लाठी की भी खूब बिक्री रही । बच्चे झूलो पर झूलते दिखे । दूसरे दिन मेले के रात्रि को भरत मिलाप का आयोजन होगा । जिसमे सुन्दर झांकियो का प्रस्तुति की जायेगी । जिसे आकर्षक इनाम भी दिया जायेगा । मेले में जलेबी चाट लकड़ी के समानो की दुकानों पर भी बिक्री रही।

भक्तो ने किया मां को विदा

शुकुल बाजार अमेठी। विकास खण्ड की विभिन्न ग्राम सभाओं में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का मां के भक्तों द्वारा गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए रीछ घाट स्थित आदि मां गंगा गोमती देर रात्रि तक पूंजन अर्चन कर परिवाहित का सिल सिला चलता रहा। प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार घाट पर साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था कराई गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन कर मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी और क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति की कामना की।

रेलवे क्रॉसिंग पर 35 घंटे बंद रहेगा यातायात

माधौगंज, हरदोई। उन्नाव-बालामऊ रेलखंड पर मल्लावां और माधौगंज रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 65/सी पर मरम्मत कार्य के चलते सड़क यातायात बंद रहेगा। रेलवे विभाग के अनुसार, क्रॉसिंग पर ओवरहालिंग और ट्रैक की मरम्मत के लिए 27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से 28 अक्टूबर को शाम छह बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेलपथ), बालामऊ की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सेलापुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रेलपथ की सुरक्षा और संरक्षा के मद्देनजर मरम्मत कार्य कराया जाना आवश्यक है।

मंडी में पलेदारी के दौरान ट्रैक्टर से गिरा युवक हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

माधौगंज, हरदोई। मंडी में पलेदारी का काम करने वाला 22 वर्षीय युवक ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बबलू पुत्र सूरजभान निवासी बाजार खेड़ा, थाना बेहदर, मंडी में पलेदारी का काम करता है। इसी दौरान वह ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद राहगीर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां तैनात डॉक्टर लोकेश कुमार ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एनएसपीएस त्रिपुला में हुआ माल्यार्पण

रायबरेली। त्रिपुला स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और शर्मिला दास गुप्ता ने शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ महर्षि के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने संबोधन में बताया कि महर्षि वाल्मीकि आदिकवि के रूप में विख्यात हैं। उनकी महान रचना रामायण समाज को सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देती है। विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सकारात्मक सोच और अच्छे कर्मों की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर फैजान खान, शिवकरन पाल, प्रशांत पांडेय, बीएस त्रिवेदी, जितेंद्र सिंह, देवी प्रसाद, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मदरसे में बच्चों से सिर की मालिश कराने का वीडियो वायरल, मौलवी पर गंभीर आरोप

अंबेडकरनगर। जलालपुर शिक्षा क्षेत्र के बड़ेपुर गांव स्थित मदरसा जामिया कादरिया नूरे इस्लामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों से सिर की मालिश कराए जाने का मामला सामने आया है।आरोप है कि मदरसे में बच्चों को पढ़ाने वाले मौलवी उनसे पढ़ाई कराने के बजाय मालिश करवाते हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि बच्चों से इस तरह का काम नियमित रूप से कराया जाता है। हालांकि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

अमेठी । महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिलाधिकारी शशांक चौधरी के मार्गदर्शन में जनपद के 10 प्रमुख मंदिरों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें हनुमान मंदिर टीकरमाफी हनुमान मंदिर सरायखेमा हनुमान मंदिर फक्कड़ दास कुटी भौसिंहपुर गढ़ा माफी हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ी गौरा सिद्ध धाम कस्थुनी पूरब हनुमान मंदिर पालपुर हनुमान मंदिर धनेशाराजपूत हनुमानगढ़ी तिलोई तथा श्रीराम-जानकी मंदिर तपेश्वर नाथ धाम पीढ़ी शामिल रहे।श्रीराम-जानकी एवं हनुमान मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन दीपदान माल्यार्पण अखंड रामायण पाठ और संकीर्तन के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन कृतित्व एवं आदर्शों को याद किया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन और अखंड रामायण पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है: अतुल सिंह

रायबरेली। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के डलमऊ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्रामसभा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारियो एव कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होता है, हम सबको 2027 के चुनाव में बूथ पर काम करना है वास्तविक लड़ाई बूथ पर होती है,अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़िये और उनको जननायक राहुल गांधी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बारे में बताइए कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करने के लिए किस तरह हमारे नेता संघर्ष कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस आदर्श पर चलने वाला राजनीतिक दल है, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, व्यापारी के सम्मान के लिए हमेशा खड़ी रहती है। कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान, स्वाभिमान के लिए मैं हमेशा खड़ा रहता हूं। श्री सिंह ने सभी से अनुरोध किया है कि एक अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली महारैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचना है और वोट चोरी के खिलाफ इस लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार विधानसभा की सम्मानित जनता को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। मैं हमेशा आप सबके सुख-दुख में लगातार खड़ा रहता हूं, जब चुनाव आता है तो लोग कुंभकरण की नींद से जागते हैं चुनाव खत्म होते ही ऐसे लोग घरों में कैद हो जाते हैं उनको किसी के सुख-दुख से कोई लेना देना नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि 2027 के चुनाव में अभूतपूर्व परिवर्तन उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है आज राशन कार्ड धारकों को राशन में कंकड़ पत्थर और मिट्टी मिल रहा है जबकि यहां के विधायक स्वयं खाद रसद मंत्री हैं फिर भी ऊंचाहार की जनता को कंकड़ पत्थर मिट्टी से मिला राशन मिल रहा है।

ताइक्कांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, पूर्व विधायक ने बढ़ाया उत्साह

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद ताइक्कांडो अकादमी के तत्वावधान में रविवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित घूंघट मैरिज लॉन में चौथी जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। खेलकूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिता में शाहाबाद ताइक्कांडो अकादमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीजीआईसी पाली, आगमपुर और मकून्स प्री-स्कूल, श्रवण नगर के खिलाड़ियों की संयुक्त टीम दूसरे स्थान पर रही। शाहाबाद अकादमी के कोच शहनवाज अली और अश्वमन अवस्थी ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। संयुक्त टीम के खिलाड़ी आशीष कुमार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सुमेंद्र मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने ग्रैंड मास्टर पुनीत मनीषी (शाहजहांपुर) सहित हरदोई के कोच शिवम, रोहिणी शर्मा, पिंटू गुप्ता, योगेश कुमार, शाहरुख, सतेंद्र, अनुष्कार दीक्षित, शुभम शर्मा, डॉ. रजत और कशिश को सम्मानित किया। अंत में मुख्य प्रशिक्षक मास्टर तैयब खान ने अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, तरंग रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उतरौला/बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र की एकता और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेने के साथ एक विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने विधायक राम प्रताप वर्मा के अलावा उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को हम, भारत की युवा शक्ति की शपथ दिलाई गई है। जिलाध्यक्ष ने मौजूद सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवा शक्ति को देश की एकता और अखण्डता के लिए सजग रहना होगा।

निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण एवं जनगणना को लेकर डीएम ने की बैठक

अमेठी । आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तथा जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने निर्वाचक नामावलियों को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने तथा जनगणना की तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का समायोजन एवं पुनर्व्यवस्थापन दो नवंबर 2026 तक किया जाना है। इसके बाद 12 नवंबर 2026 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने संशोधन कराने अथवा अन्य दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक निर्धारित है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए अभी से प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल किया जाए।

एक नजर

निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का हुआ वितरण

रायबरेली। श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम, मुंशीगंज में प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को दूर दराज से आए हुवे पथरी के 80 रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य ने मरीजों को दवा सेवन की विधि बताई,तथा दवा के सेवन के समय किस-किस चीज का परहेज करें इस का सेवन कैसे करें,इन सब के बारें में आए हुए मरीजों को विस्तार से बताया। आए हुए मरीजों में दर्जनों की संख्या में पुराने मरीज थे जो प्रदेश के विभिन्न अलग अलग जिलों से आए हुवे थे,उनमें से तमाम मरीज इससे पहले औघड़ आश्रम से दवा ले जाकर उसके सेवन से अपनी बीमारी में राहत महसूस कर रहे थे और उसके साथ ही नए मरीज भी दवा लेने आश्रम आए। औघड़ आश्रम मुंशीगंज रायबरेली में हर रविवार को दवा वितरण का यह कार्यक्रम सुचारु रूप से विगत कई दशकों से निरंतर चलता रहता है।

ऑटो की टक्कर में बाइक सवार महिला घायल

शिवगढ़ (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ऑटो रिक्शा ने मोटरसाइकिल को ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार 30 वर्षीय महिला घायल गई परिजन घायल महिला को सीएचसी शिवगढ़ ले आए जहां चिकित्सक ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पार्वती खेड़ा के पास आटो रिक्शा ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार मिथलेश (30) पत्नी राजारामघायल हो गई। परिजन घायल महिला को सीएचसी शिवगढ़ ले आए जहां चिकित्सक ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला का इलाज कर रहे चिकित्सा के डॉक्टर प्रेम शरण ने बताया कि दुर्घटना में घायल मिथलेश नाम की महिला आई थी जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मुकेश प्रताप जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने

शिवगढ़ (रायबरेली)। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शिवगढ़ के संरक्षक बनें अनिरुद्ध सिंह वहीं मुकेश प्रताप अध्यक्ष निर्विरोध नियुक्त किए गए। इस दौरान संसाधन केंद्र नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश प्रताप व संरक्षक अनिरुद्ध शिक्षक को शिक्षकों ने मुंह मीठा कराया और माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर सुरेंद्र वर्मा नीरज वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक व शिक्षकाएं मौजूद रहे।

राम-रावण महासंग्राम से गूंजा पंडाल

परशदेपुर (रायबरेली)। परशदेपुर के रामलीला मैदान में चल रही 13 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला में सोमवार शाम राम-रावण महासंग्राम की लीला का भव्य मंचन किया गया। रामलीला के दौरान अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद वध और रावण वध जैसे प्रसंगों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इन मनमोहक और मार्मिक दृश्यों को देखने के लिए आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु उमड़े। पूरा रामलीला मैदान भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।रामलीला की शुरुआत भगवान श्रीराम के दूत बनकर वीर अंगद के रावण दरबार में पहुंचने से हुई। अंगद ने रावण को माता सीता को सम्मानपूर्वक वापस लौटाकर युद्ध टालने का संदेश दिया, लेकिन अहंकार में डूबे रावण ने प्रस्ताव ठुकरा दिया। इसके बाद अंगद ने चुनौती देते हुए अपना पैर दरबार में जमा दिया। रावण के एक से बढ़कर एक योद्धा और दरबारी अंगद का पैर हिलाने में असफल रहे। इस दृश्य को देखकर दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

एनएसबीवीएम में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

रायबरेली। बालिका विद्या मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने श्रद्धापूरित मन से महर्षि का पुष्पमाल- पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन सम्पन्न किया। वाल्मीकि जयंती के मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने डाकू रत्नाकर से वाल्मीकि बनने तक की पूरी कहानी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित रामायण की रचना ब्रह्मदेव के कहने पर की थी। इस महान कार्य के लिए उनको आदिकवि के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। इनके द्वारा रचित वाल्मीकि रामायण में कुल 24 हजार श्लोक हैं, जो यह प्रमाणित करते हैं कि वाल्मीकि ज्योतिष और खगोल विज्ञान में भी निपुण थे, जिसका उल्लेख रामायण में मिलता है जो उनके ज्ञान और विद्या को प्रमाणित करता है।

घर पर काम कर रही महिला को सांप ने काटा, गंभीर

शिवगढ़ (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत घर पर काम कर रही 25 वर्षीय महिला को सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई आनन-फानन में परिजन महिला को सीएचसी शिवगढ़ लाए जहां उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक चांदनी पत्नी राम हेतु उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03 भवन पिपरी घर पर काम कर रही थी उसी दौरान महिला को सांप ने काट लिया।

गायत्री परिवार ने 400 गर्भवती बहनों का कराया गर्भ संस्कार

रायबरेली। गायत्री परिवार के द्वारा संचालित 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के अंतर्गत गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में भावी माता अभिनंदन एवं गर्भ संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 400 गर्भवती बहनों, 500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 200 आशा बहनों तथा अन्य परिजनों सहित कुल लगभग 1600 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. संगीता सारस्वत ने गर्भ संस्कार के ज्ञान-विज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गर्भावस्था में संतुलित एवं पौष्टिक आहार, गर्भस्थ शिशु से संवाद, गर्भवती माताओं की आदर्श दिनचर्या तथा योग एवं ध्यान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था भावी पीढ़ी के निर्माण की एक महत्वपूर्ण अवस्था है।

हरदोई में खूनी संघर्ष, चाचा-भतीजे पर हमला, फिर हमलावरों की हुई धुनाई

हरदोई। शहर के मंगली पुरवा में चाचा-भतीजे के साथ मारपीट के बाद जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि करीब 15 लोगों ने पूर्वांकर गुप्ता और उनके चाचा अरुण गुप्ता की पिटाई की। भतीजे को बचाने पहुंचे चाचा को भी हमलावरों ने निशाना बनाया। घटना के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा और कथित हमलावरों की पिटाई कर दी गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि विरोध के बीच आरोपी मौके पर तीन गाड़ियां छोड़कर भाग निकले। इस दौरान अशरफ चौधरी को पकड़ लिया गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घायल अरुण गुप्ता को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। मामले में पुलिस की जांच और आगे की कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हैं।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अमेठी । बंदोइया गांव में शिव शक्ति मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा के भव्य पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन कन्या भोज और मां दुर्गा की आरती से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। माता रानी के जयकारों से पंडाल भक्तिमय हो उठा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अनिल तिवारी अविनाश तिवारी अशोक तिवारी आयुष त्रिपाठी मोहन मिश्रा अंश तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मिलेट्स की खेती के प्रशिक्षण को 54 किसान जबलपुर हुए रवाना

अमेठी । जनपद में मिलेट्स की खेती उपयोगिता एवं उपभोग के प्रति कृषकों को जागरूक करने तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के अंतर्गत 54 कृषकों के दल को प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लिए रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने कलेक्ट्रेट परिसर से कृषकों के दल को हरी झंडी दिखाकर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सहित संबंधित अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे। भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को मिलेट्स यानी श्रीअन्न की खेती उसके पोषण संबंधी महत्व तथा दैनिक आहार में इसके उपयोग के प्रति जागरूक करना है।